http://www.onlinebu.com

# AG-1375

B.A. Private (Part - I)
Term End Examination, 2018-19

Paper - II

Hindi Literature

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 30

(क) दस-दस, बीस-बीस रूपये पाने वाले क्लर्कों को देखता हूँ, जो सड़ी हुई कोठरियों में पशुओं की भांति जीवन काटते हैं, जिन्हें सबेरे जलपान तक मयस्सर नहीं होता, उन पर भी गहनों की सनक सवार रहती है। इस प्रथा से हमारा कितना सर्वनाश होता जा रहा है। मैं तो कहता हूँ, यह गुलामी पराधीनता से कहीं बढ़कर है। इसके कारण हमारा कितना आत्मिक, नैतिक, दैहिक, आर्थिक और धार्मिक पतन हो रहा है, इसका अनुमान ब्रह्मा भी नहीं कर सकते।



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



(ख) साहब, सच बताओ, जब तुम सुराज का नाम लेते हो, तो उसका कौन सा रूप तुम्हारी आँखों के सामने आता है? तुम भी बड़ी-बड़ी तलब लोग तुम भी अंग्रेजों की तरह बंगलों में रहोगे, पहाड़ों की हवा खाओगे, अंग्रेजी ठाट बनाये घूमोगे, इससे देश का क्या कल्याण होगा? तुम्हारी और तुम्हारे भाई बन्दों की जिंदगी भले आराम और ठाठ से गुजरे, पर देश का तो कोई भला न होगा। http://www.onlinebu.com

(ग) मेरे लिए सब भूमि मिट्टी है, सब जल तरल, सब पवन शीतल है। कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्वलित नहीं। सब मिला कर मेरे लिए एक शून्य है। प्रिय नाविक तुम स्वदेश लौट जाओ, वैभवों का सुख भोगने के लिए, और मुझे छोड़ दो इन निरीह भोले-भाले प्राणियों के दुःखों में सहानुभूति और सेवा के लिए।

(घ) अब नहीं। कान पकड़ता हूँ, अब नहीं। मोटर छाप वाली धोती लेकर क्या करूंगा? कौन पहनेगा? ससुरी खुद मरी, बेटे-बेटियों को ले गई अपने साथ। बबुआ जी मेरी घर वाली जिंदा रहती तो मैं ऐसी दुर्दशा भोगता? यह शीतलपाटी उसी की बुनी हुई है। इस शीतलपाटी को छूकर कहता हूँ, अब यह काम नहीं करूंगा। गांव भर में तुम्हारी हवेली में मेरी कदर होती थी। अब क्या?



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



(ङ) बस यही बात है देवर! अब मेरा यहाँ कौन है। मेरा मरद तो मर गया। जीते जी मैने उसकी चाकरी की उसके नाते उसके सब अपनों की चाकरी बजाई। पर जब मालिक ही न रहा, तो काहे को हड़कम्प उठाऊँ। यह लड़के, यह बहुएँ। मैं इनकी गुलामी नहीं करूंगा।

2. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 10

*अथवा*

'गबन' उपन्यास में चित्रित मध्यवर्गीय मानसिकता पर समीक्षात्मक निबन्ध लिखिए।

3. 'परदा' कहानी में उद्घाटित यथार्थ को केन्द्र में रखकर कहानी की समीक्षा कीजिए। 10

*अथवा*

'चीफ की दावत' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(क) कफन कहानी का सारांश

(ख) उपन्यास सम्राट प्रेमचंद

(ग) कहानी का विकास

(घ) बालशौरी रेड्डी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

(ङ) जालपा का चरित्र-चित्रण



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com



5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(क) प्रेमचंद का जन्म किस सन् में हुआ?

(ख) बुधिया किसकी पत्नि है?

(ग) बुद्धगुप्त किस कहानी का पात्र है?

(घ) 'मलबे का मालिक' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ङ) शीतलपाटी बनाने वाले कलाकार का नाम लिखिए। http://www.onlinebu.com

(च) बालशौरी रेड्डी की मातृभाषा क्या है?

(छ) मुंशी प्रेमचंद प्रारम्भ में किस भाषा में लिखते थे?

(ज) उपेन्द्रनाथ अश्क की किसी एक कहानी संग्रह का नाम लिखिए।

(झ) कफन कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ञ) 'गबन' उपन्यास के प्रमुख पुरुष पात्र का नाम लिखिए।

(ट) शिवानी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ठ) उपन्यास सम्राट किसे कहा जाता है?

(ड) जयशंकर प्रसाद के महाकाव्य का नाम लिखिए।

(ढ) जालपा को किस वस्तु से प्रेम था?

(ण) यशपाल की एक कहानी का नाम लिखिए।

— —



http://www.onlinebu.com

http://www.onlinebu.com